लखनऊ विश्वविद्यालय
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)

# University in News on 06 May 2023

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### पीएचडी के छह विषयों की कटऑफ जारी

**सीट आवंटन आज होगा, चयनितों को आठ तक जमा करनी होगी फीस**

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को पीएचडी प्रवेश परीक्षा के छह विषयों की कटऑफ सूची जारी कर दी। इसमें शामिल अभ्यर्थियों को सीट आवंटन शनिवार को होगा।

लविवि की ओर सत्र 2022-23 के लिए 39 विषयों की 1231 नियमित पीएचडी सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई थी। सभी सीटों पर छह हजार से अधिक ने आवेदन किया था, जिसके लिए प्रवेश परीक्षा कराई गई थी।

विश्वविद्यालय ने इसकी मेरिट लिस्ट जारी कर दी थी। परीक्षा में सफल रहे अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करवाया गया। इसका परिणाम आने के बाद प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर की ओर से अब पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, बायो केमिस्ट्री, एजुकेशन, फिजिकोलॉजी, कामर्स, सोशियोलॉजी और हिंदी विषय में सफल रहने वालों की फाइनल कटऑफ सूची जारी कर दी गई है।

प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की ओर दी गई लॉगिन आईडी का इस्तेमाल करते हुए आठ मई तक फीस जमा करनी होगी। (संवाद)

## HINDUSTAN PAGE 6

### ऑनलाइन पढ़ाई के लिए लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम

**एलयू**



**06 विषयों की पीएचडी की कटऑफ जारी**

- बीबीए व बीकॉम रेगुलर कोर्स से शुरुआत
- एलयूसीओडीई की भी की जाएगी स्थापना

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में जल्द ही ऑनलाइन व दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से पढाई कराई जाएगी। इसके लिए तैयारियां जारी हैं।

जिसके मद्देनजर विश्वविद्यालय ने ऑनलाइन कोर्सों को पढ़ाने के लिए लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम बनाने का फैसला किया है। इससे एक साथ पांच हजार से ज्यादा विद्यार्थी क्लास कर सकेंगे।

इस सिस्टम के द्वारा जरूरत पर छात्रों से ऑनलाइन बातचीत भी की जा सकेगी। जिससे ऑनलाइन पढाई करने वाले छात्रों को सवाल करने और शिक्षकों को जवाब देने में आसानी होगी। साथ ही ऑनलाइन कोर्सों को शुरू करने के लिए स्टूडियो की भी जरूरत पडेगी। इसलिए एलयू में स्टूडियो भी बनाया जाएगा। इसे लेकर भी तैयारी चल रही है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि स्टूडियो के लिए पूरा स्टाफ रखा जाएगा।

**बीबीए व बीकॉम रेगुलर कोर्स होंगे शुरू:** एलयू में बीबीए व बीकॉम रेगुलर कोर्सों के साथ ऑनलाइन पढ़ाई शुरू की जाएगी। इसके लिए लखनऊ यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर ऑनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन (एलयूसीओडीई) की स्थापना भी होगी। इस संबंध में कुलसचिव संजय मेधावी ने बीते माह आदेश जारी कर दिया है। सेंटर बनाने के लिए कुलपति ने भी अपनी मंजूरी दे दी है।

पीएचडी प्रवेश परीक्षा सत्र 2022-23 के तहत शुक्रवार को छह विषयों के नतीजे जारी किए गए हैं। इन छह विषयों में पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, बायोकेमेस्ट्री, एजुकेशन, साइकोलॉजी, कामर्स, सोशियोलॉजी और हिंदी शामिल है। जिसकी कटऑफ भी उपलब्ध सीटों के सापेक्ष जारी की गई है।

जानकारी के अनुसार इनका सीट अलॉटमेंट शनिवार को कर दिया जाएगा। अभ्यर्थी पूर्व में दी गई लॉगइन आईडी का प्रयोग करके आठ मई तक फीस जमा कर सकेंगे।

### ओरिएंटल पर्शियन एंड अरेबिक के भरें फॉर्म

लखनऊ। एलयू ने ओरिएंटल पर्शियन एंड अरेबिक में सर्टिफिकेट कोर्स करने के लिए आवेदन मांगे हैं। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की ऑफिशियल वेबसाइट के जरिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन से पूर्व लखनऊ विश्वविद्यालय रजिस्ट्रेशन नंबर (एलयूआरएन) पंजीकरण अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए छात्र एवं छात्राएं संस्थान की वेबसाइट देख सकते हैं।

### 40 करोड़ का बजट प्रस्ताव लेकर शिक्षक रवाना

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने 109वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस के लिए 40 करोड़ का प्रस्तावित बजट तैयार किया है। इसे कोलकाता में होने वाली आईएससी संघ की कार्य समिति व परिषद की बैठक में पेश किया जाएगा। जिसके मद्देनजर शुक्रवार को 109वीं आईएससी के आयोजन सचिव प्रो. एसपी त्रिवेदी और स्थानीय सचिव प्रो. पूनम टंडन व प्रो. गीतांजलि मिश्रा कोलकाता के लिए रवाना हुए।

## PIONEER PAGE 4

### पीएचडी प्रवेश परीक्षा का कटऑफ जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने शुक्रवार को पीएचडी में दाखिले को लेकर पीएचडी प्रवेश परीक्षा सत्र 2022-23 के अंतर्गत कुछ विषयों के कटआफ जारी कर दिये हैं। जारी कटआफ के अंतर्गत सीटों के सापेक्ष अलॉटमेंट 6 मई तक जारी कर दिया जायेगा। जिससे अभ्यर्थी 8 मई तक शुल्क जमा कर सकेंगे। जिन विषयों के कटआफ जारी किये गये हैं, उनमें पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, बायोकेमिस्ट्री, एजुकेशन, साइक्लोजी, कॉमर्स, सोशियोलॉजी और हिन्दी शामिल है।

## VoL PAGE 3

### पीएचडी सात विषयों की ओवरआल मेरिट सूची जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा शैक्षिणक सत्र 2022-23 के तहत शुक्रवार को सात विषयों का रिजल्ट करते हुए ओवर ऑल मेरिट सूची जारी कर दी है। इसमें पब्लिक एडमिस्ट्रेशन, बायोकैमिस्ट्री, एजुकेशन, साइकोलॉजी, कामर्स, सोशलॉजी और हिन्दी का परिणाम शामिल है। उपलब्ध सीटों के सापेक्ष कटऑफ जारी कर दिया गया है। इन विषयों के चयनित अभ्यर्थियों का सीट अलॉटमेंट 06 मई को कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को पूर्व में दी गयी लॉगिन का प्रयोग करके फीस 08 मई तक जमा करनी है।

## JAGRAN CITY PAGE III

### पीएचडी के सात और विषयों की कटआफ जारी

**जागरण संवाददाता, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को सत्र 2022-23 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा के अंतर्गत उपलब्ध सीटों के सापेक्ष सात और विषयों की कटआफ जारी कर दी। इसमें पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, बायो केमिस्ट्री, एजुकेशन, साइकोलाजी, कामर्स, सोशियोलाजी और हिन्दी विषय शामिल हैं।



विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इन विषयों के चयनित अभ्यर्थियों का सीट आवंटन शनिवार को किया जाएगा। अभ्यर्थियों को पूर्व में दी गई लागिन का प्रयोग करके फीस आठ मई तक जमा करने का मौका दिया जाएगा।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

# यूजी-पीजी के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**लखनऊ विवि**

- **जुलाई में आयोजित होगी प्रवेश परीक्षा**

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवेदन जारी है। आवेदन की अंतिम तिथि 10 जून निर्धारित की गई है। इसके साथ ही जुलाई में प्रवेश परीक्षा कराई जायेगी। प्रवेश परीक्षा में जारी परिणाम से मेरिट का निर्धारण होगा। इसके बाद 20 जुलाई के बाद से काउंसलिंग की शुरुआत होगी।

स्नातक प्रवेश प्रक्रिया 31 मई तक चलेगी जबकि परास्नातक में प्रवेश प्रक्रिया 30 जून तक जारी रहेगी। इसके बाद पीजी मैनेजमेंट कोर्स, एमएड कोर्स में भी आवेदन 30 जून चलेंगे। बीपीएड और एमपीएड कोर्स में 10 जून तक आवेदन लिए जायेंगे। इसके अलावा सर्टिफिकेट कोर्स इन ओरिएंटल पर्शियन एंड अरेबिक में 30 जून तक प्रवेश होंगे।

**इन बातों का रखें ध्यान**

- आवेदन करने से पहले ब्रोसर को जरूर पढ़ें
- अभ्यर्थी के फोटो की स्कैन कापी 50 केबी के अंदर हो
- साइन की स्कैन कापी 50 केबी के अंदर हो
- आरक्षण के लिए प्रमाणपत्र की स्कैन कापी 50 केबी के अंतर्गत हो

**आनलाइन पंजीकरण अनिवार्य**–लखनऊ विश्वविद्यालय में एडमिशन लेने से पहले रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी हैं। इसके लिए अभ्यर्थी वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर अपना पंजीकरण करना होगा। आनलाइन पंजीकरण संख्या भरना भी अनिवार्य हैं। यदि कोई आनलाइन आवेदन नहीं करता है तो सीधे प्रवेश छात्र का संभव नहीं है।

### सात विषयों की मेरिट लिस्ट जारी



अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा सत्र 2022-23 का परिणाम घोषित कर दिया है। मेरिट लिस्ट विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। शुक्रवार को मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सात विषयों की ओवरआल मेरिट लिस्ट जारी हुई है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जाकर चेक कर सकते है। सात विषयों के सभी उपलब्ध सीटों के सापेक्ष कटआफ जारी कर दिया गया है। ऐसे में निर्धारित विषयों का चयनित अभ्यर्थियों का सीट अलॉटमेंट शनिवार को कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा कि पूर्व में दी गयी लॉगिन का प्रयोग करके फीस 8 मई तक जमा करनी होगी।

**इन विषयों का जारी हुआ परिणाम**–प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से लोक प्रशासन, जीव रसायन, शिक्षा, मनोविज्ञान, व्यापार, समाज शास्त्र और हिंदी परिणाम विषय में प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी किया गया है।